**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 24 जुलाई, 2025 :-**

**(1) माननीय राज्यपाल आज पलामू ज़िले के विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए।**

राज्यपाल महोदय ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा केवल डिग्री नहीं, समाज व राष्ट्र के प्रति ज़िम्मेदारी भी है।

इस अवसर पर उन्होंने ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

राज्यपाल महोदय ने लक्ष्मी चंद्रवंशी बॉयज हॉस्टल, लक्ष्मी चंद्रवंशी गर्ल्स हॉस्टल एवं विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार आज पलामू ज़िले के विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत

समारोह केवल एक शैक्षणिक आयोजन नहीं, बल्कि मेहनत, समर्पण और संकल्प की परिणति है। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानियों नीलाम्बर-पीताम्बर को नमन करते हुए कहा कि इस भूमि पर शिक्षा का दीप प्रज्वलित होते देखना हर्ष का विषय है।

राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु पूर्व मंत्री श्री रामचंद्र चंद्रवंशी की सराहना करते हुए कहा कि यह इस क्षेत्र में शिक्षा, सशक्तिकरण और विकास की दिशा में एक सार्थक पहल है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जनमानस को शिक्षा के क्षेत्र में श्री चंद्रवंशी जी से काफी आशाएँ हैं।

राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय प्रशासन से आह्वान किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि नैतिक मूल्य, सामाजिक चेतना, सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम से युक्त व्यक्तित्व का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अपने आसपास के गाँवों को गोद लें और शिक्षा एवं नवाचार के माध्यम से ग्रामीण जीवन की समस्याओं के समाधान में सहभागी बनें। विद्यार्थियों को केवल जॉब सीकर नहीं, बल्कि जॉब क्रिएटर, अन्वेषक और समाजसेवी नागरिक के रूप में तैयार करने की दिशा में प्रयास किए जाएं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि यह विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाला केंद्र न बने, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सहायक, संवेदनशील और उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण करने वाला एक सशक्त शैक्षणिक केंद्र बने।

माननीय राज्यपाल ने यह भी कहा कि 'मैं राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हूँ। इस दिशा में ठोस कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। यदि सभी शिक्षण संस्थान इस प्रयास में सहभागिता करें, तो हमारा झारखण्ड निश्चित ही एक ‘एजुकेशन हब’ के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है और उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है।' राज्यपाल महोदय ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने ओडिशा के पूर्व राज्यपाल एवं झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री रघुवर दास को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया।

इससे पूर्व राज्यपाल महोदय ने वहाँ लक्ष्मी चंद्रवंशी बॉयज हॉस्टल, लक्ष्मी चंद्रवंशी गर्ल्स हॉस्टल और विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन का उद्घाटन भी किया।